महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
जनसंपर्क कार्यालय
PUBLIC RELATIONS OFFICE

विद्यार्थियों की सुविधा हेतु हेल्प डेस्क का शुभारंभ
हिंदी विश्वविद्यालय की पहल

वर्धा, 29 फरवरी 2024 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में बाहर से आने वाले आगंतुक एवं विद्यार्थियों की अकादमिक गतिविधियों से संबंधित जिज्ञासाओं के समाधान हेतुसहायता पटल (हेल्प डेस्क) बनाया गया है।

यह व्यवस्था अकादमिक विभाग के अंतर्गत लागू की जा रही है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. धरवेश कठेरिया की पहल पर इसे कार्यान्वित किया गया है। विश्वविद्यालय के अकादमिक कार्य को और गति देने के उद्देश्य से हेल्प डेस्क कारगर साबित होगा। विश्वविद्यालय में देश के विभिन्न क्षेत्र से विद्यार्थी अध्ययन के लिए आते हैं। अपने अध्ययन के दौरान उन्हें अकादमिक से संबंधितसुविधाएं कम से कम समय में प्राप्त हो सके इस दिशा में हेल्प डेस्क कार्य करेगा। विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान करने के साथ-साथ उनके अकादमिक विकास के लिए चलायी जा रही योजनाएं एवं परियोजनाएंआदि से संबंधित जानकारी भी इसके माध्यम से प्रदान की जाएगी। आगंतुक एवं विद्यार्थियों को इस सुविधा का लाभ लेने की अपील विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. धरवेश कठेरिया ने की है।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष: +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305